**Samyak**
An Institute For Civil Services

# DAILY CURRENT AFFAIRS

**USEFUL FOR RAS & OTHER COMPETITIVE EXAMS**

Date
25/04/2025



## यूनेस्को ने 16 नए वैश्विक जियोपार्क घोषित किए

- अब 50 देशों में कुल 229 यूनेस्को वैश्विक जियोपार्क्स हो गए हैं।
- ये जियोपार्क नेटवर्क लगभग 85,000 वर्ग Km. क्षेत्रफल में विस्तृत हैं, जो नामीबिया के आकार के बराबर हैं।
- नए जियोपार्क – एशिया, यूरोप, अफ्रीका और लेटिन अमेरिका में स्थित हैं।
- अनूठी भूवैज्ञानिक विरासत के लिए मान्यता – ज्वालामुखी श्रृंखलायें, प्राचीन चट्टानी संरचनाएँ, पर्वतीय क्षेत्र, जीवाश्म स्थल और रेगिस्तानी परिदृश्य शामिल हैं।

## यूनेस्को वैश्विक जियोपार्क्स (UGGPs)

- शुरुआत – 2015 में इंटरनेशनल जियोसाइंसेज एंड जियोपार्क्स प्रोग्राम (IGGP) के तहत।
- परिभाषा – ऐसा एकीकृत भौगोलिक क्षेत्र जिसकी भूवैज्ञानिक महत्ता अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर हो।
- प्रबंधन – राष्ट्रीय कानून के तहत मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा द्वारा।
- पुनर्मूल्यांकन – हर 4 वर्षों में।
- इस हेतु ग्लोबल जियोपार्क नेटवर्क (GGN) की सदस्यता आवश्यक है।
- भारत में – अब तक कोई यूनेस्को वैश्विक जियोपार्क्स घोषित नहीं किए गए है।

## दूसरी एशियाई योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2025

- आयोजन – 25-27 April 2025, इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम, नई दिल्ली में।
- आयोजक – योगासन भारत।
- भागीदार – 21 एशियाई देशों से 170 से अधिक एथलीट।
- पहला संस्करण – 2022 में बैंकॉक, थाइलैंड में आयोजित हुआ था।

## विश्व मलेरिया दिवस – 25 अप्रैल

- 2025 थीम – ' मलेरिया का अंत हमारे साथ : पुनर्निवेश, पुनर्कल्पना, पुनः प्रज्वलन।

## टाइम्स हायर एजुकेशन एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2025

- एशिया के 35 देश और क्षेत्रों के कुल 853 विश्वविद्यालय शामिल।

| रैंक | भारत के प्रमुख संस्थान और रैंकिंग |
|---|---|
| 38 | इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस (IISC), बेंगलुरु |
| 111 | अन्ना विश्वविद्यालय |
| 131 | IIT इंदौर |
| 140 | महात्मा गांधी विश्वविद्यालय |
| 146 | शूलिनी यूनिवर्सिटी ऑफ बायोटेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट साइंसेज |
| 149 | सवीथा इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल एंड टेक्निकल साइंसेज |
| 161 | जामिया मिलिया इस्लामिया |
| 184 | IIT गुवाहाटी |
| 184 | KIIT यूनिवर्सिटी |
| 188 | अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी |
| 188 | UPES |
| 191 | IIT पटना |
| 191 | NIT राउरकेला |
| 200 | इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (IIIT) हैदराबाद |

| रैंक | विश्वविद्यालय का नाम |
|---|---|
| 1 | त्सिंगहुआ यूनिवर्सिटी (चीन) |
| २ | पेकिंग यूनिवर्सिटी (चीन) |
| 3 | नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर |
| 4 | नानयांग टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी |

## कृत्रिम बुद्धिमता (AI) निवेश में शीर्ष 10 देश (2025)

- वैश्विक AI बाजार का आकार – 2024 में $ 279.22 बिलियन तक पहुंच गया है।
- स्टैनफ़ोर्ड की रिपोर्ट – 2025–2030 के बीच AI बाजार 35.9% की संयुक्त वार्षिक वृद्धि दर (CAGR) से बढ़ने का अनुमान है।
- 2013–2024 के बीच AI में कुल निवेश (अरब डॉलर में) के आधार पर शीर्ष 10 देश –

| स्थान | देश | कुल निवेश | स्थान | देश | कुल निवेश |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | USA | 470.9 | 6 | जर्मनी | 11.3 |
| 2 | चीन | 119.3 | 7 | भारत | 11.1 |
| 3 | UK | 28.2 | 8 | फ्रांस | 9.0 |
| 4 | कनाड़ा | 15.3 | 9 | द. कोरिया | 7.3 |
| 5 | इज़राइल | 15.0 | 10 | सिंगापुर | 7.3 |

## कुमार मंगलम बिड़ला को लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार 2025 मिला

- आदित्य बिड़ला समूह के 57 वर्षीय अध्यक्ष, मुंबई में सम्मानित।
- पुरस्कार
  - प्रतिवर्ष मास्टर दीनानाथ मंगेशकर स्मृति प्रतिष्ठान, जिसे मंगेशकर परिवार ने स्थापित किया था, द्वारा आयोजित होता है।
  - शुरुआत – 2022 में गायिका लता मंगेशकर की स्मृति में।
  - पुरस्कार – राष्ट्र, समाज, कला के क्षेत्र में असधारण योगदान देने वाले व्यक्तियों को दिया जाता है।
  - पूर्व में – PM मोदी, गायिका आशा भोसले और अभिनेता अमिताभ बच्चन को भी सम्मानित किया जा चुका है।

## ☞ रोहित शर्मा T20 क्रिकेट में 12,000 रन बनाने वाले दूसरे भारतीय बने

- ऐसा करने वाले वे विराट कोहली के बाद दूसरे भारतीय बल्लेबाज और दुनिया के आठवें खिलाड़ी हैं।
- T-20 क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी– क्रिस गेल (14,562 रन– 463 मैचों में)

## ☞ इसरो के पूर्व अध्यक्ष कृष्णास्वामी कस्तूरीरंगन का निधन– 25. April. 2025

- कार्यकाल– 1994 – 2003 तक इसरो के पाँचवें अध्यक्ष और अंतरिक्ष विभाग के सचिव रहे।
- परियोजना निदेशक के रूप में कार्य– भारत के पहले दो पृथ्वी अवलोकन उपग्रहों– भास्कर-1 एवं भास्कर-2।
- उनके कार्यकाल में इसरो की उपलब्धियाँ–
  - इसरो ने पहला रिमोट सेंसिंग सैटेलाइट IRS-1A लॉन्च किया।
  - PSLV और GSLV के विकास और सफल परिक्षण।
- अन्य योगदान
  - राजस्थान के मनोनीत सदस्य और योजना आयोग के सदस्य रहे।
  - राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रारूप समिति की अध्यक्षता की।
- सम्मान – पद्मश्री, पद्मभूषण और पद्मविभूषण।

# राजस्थान परिदृश्य

## एक मुश्त समाधान योजना – 2025 (बजट 2024-25 की घोषणा)

- लाभार्थी – राजस्थान के अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड (RM-FDCC) ऋणियों को राहत प्रदान करना।
- चरण
  - 1 May, 2025 से 30 Sept. 2025 तक।
  - 1 Oct. 2025 से 31 Dec. 2025 तक।
- प्रथम चरण – 31. Mar. 2024 को ऋणियों में बकाया अतिदेय (ओवरड्यू) मूलधन का एक मुश्त भुगतान 30 Sept. 2025 तक करने पर अतिदेय ब्याज एवं शास्ति (दण्डनीय ब्याज) में 100% छूट प्रदान की जाएगी।
- द्वितीय चरण – 31. मार्च. 2024 तक भुगतान में छूट का प्रावधान रहेगा।
- राज्य स्तर पर योजना की मॉनिटरिंग – निगम मुख्यालय द्वारा।
- क्रियान्वयन में विवाद की स्थिति में – प्रबंध निदेशक, राजस्थान अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास सहकारी निगम लि. जयपुर का निर्णय अंतिम होगा।

## अरुण हसीजा एलेट्स स्मार्ट गवर्नमेंट एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित

- अरुण हसीजा – जयपुर स्मार्ट सिटी के CEO और हेरिटेज निगम आयुक्त।
- योगदान – 'स्मार्ट ई-गवर्नेंस थ्रू डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर' परियोजना के तहत 'आईटी सक्षम सुविधाओं बेहतर काम करने पर स्मार्ट ई-गवर्नेंस' श्रेणी में पुरस्कार दिया गया।

## ☞ 8 नए जिलों के लिए आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का गठन

- 8 जिले- फलौदी, बालोतरा, ब्यावर, सलूम्बर, डीग, डीडवाना-कुचामन, खैरथल-तिजारा एवं कोटपूतली-बहरोड़।
- अध्यक्ष एवं सहअध्यक्ष- संबंधित जिले के कलेक्टर व जिला परिषद प्रमुख।
- अन्य अधिकारी- जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला पुलिस अधीक्षक सहित अन्य विभागों के अधिकारी शामिल होंगे।

## ☞ शिक्षा संकुल में स्थित राजीव गांधी शिक्षा भवन का नाम बदला गया

- नया नाम- पुण्यश्लोका देवी अहिल्याबाई होल्कर भवन।
- इस भवन में विद्यार्थी सेवा केंद्र, विद्यार्थी समीक्षा केंद्र और केंद्रीय मूल्यांकन का कार्य होता है।

**Samyak**

An Institute For Civil Services

# THANK YOU

Click Here to Join us on:

YouTube

Instagram

Telegram